आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 01.03.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- चमोली जिले के माणा में श्रमिकों के सुरक्षित रेस्क्यू के लिये राहत और बचाव कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। हिमस्खलन में अब तक 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया, 22 अन्य की तलाश जारी।
- धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के लिए देहरादून के हरिपुर कालसी में श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट का भव्य निर्माण किया जाएगा।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया है।
- चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत, विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था।

माणा रेस्क्यू ऑपरेशन

चमोली जिले के माणा गांव के समीप अचानक हुए हिमस्खलन के बाद राहत और बचाव कार्यों में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। कल हुए हिमस्खलन में अब तक 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला जा चुका है, जबकि 22 अन्य की तलाश जारी है। इस हादसे में 55 मजदूर बर्फ में दब गए थे, जिनमें से चार को आईटीबीपी सेना अस्पताल में भर्ती किया गया है। बचाव कार्यों के लिए बी.आर.ओ और अन्य मशीनें बर्फ हटाने का काम कर रही हैं, और आज मौसम ठीक रहने पर एमआई 17 हेलीकॉप्टर माणा क्षेत्र को रवाना होंगे। इससे पहले कल, देर शाम तक खोज और बचाव अभियान जारी रहा, लेकिन तेज बर्फबारी और क्षेत्र में भारी बर्फ जमी होने से रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा।

इस बीच, प्रधानमंत्री कार्यालय से भी लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनीटरिंग की जा रही है और जिला प्रशासन को हर संभव मदद दी जा रही है।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल दो बार आपदा परिचालन केंद्र का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने को कहा है और किसी भी प्रभावित व्यक्ति को त्वरित सहायता देने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने जोशीमठ में आपदा कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये हैं और रेस्क्यू अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावितों की मदद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और राहत कार्यों में कोई कमी नहीं होगी।

## श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट

उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के लिए देहरादून के हरिपुर कालसी में श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट का भव्य निर्माण किया जाएगा। इसके तहत यमुना नदी पर विभिन्न घाटों का निर्माण होगा, जिससे यहां हरिद्वार, ऋषिकेश और देवप्रयाग की भांति भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। इस पहल से हरिपुर क्षेत्र एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर शंकरपुर, सहसपुर में आयोजित 63वें कोटि लिंग रुद्र महायज्ञ के दौरान इस पहल के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि यज्ञों का सनातन संस्कृति में विशेष स्थान है और ये हमारी संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## नकली नोट गिरोह

उत्तराखंड पुलिस ने हरिद्वार में नकली नोटों के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमोद डोभाल ने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर चेकिंग अभियान चलाया और एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गोली मार दी। पुलिस ने इस कार्रवाई में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है, और इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## टीबी उन्नमूलन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। राज्यपाल ने इसके लिये जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। राजभवन में क्षय रोग की रोकथाम और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान'' के तहत टीबी स्क्रीनिंग कैंप में राज्यपाल ने यह बात कही। यह कैंप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड के तत्वावधान से संपन्न हुआ जिसमें 73 अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों की निःशुल्क जांच की गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी।

## अर्थव्यवस्था

देश में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर छह दशमलव दो प्रतिशत दर्ज की गई है। यह पिछली तिमाही में पांच दशमलव छह प्रतिशत थी। इस तरह भारत ने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा है।

## मुख्यमंत्री संबोधन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार तकनीक और नवाचार के उपयोग से सरकारी सेवाओं को पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर देहरादून स्थित विज्ञान धाम झाझरा में आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि आज प्रदेश के हर जिले में विज्ञान और नवाचार केंद्र, लैब्स ऑन व्हील्स, जीएसआई डैशबोर्ड, डिजिटल लाइब्रेरी, पेटेंट इनफार्मेशन सेंटर और स्टेम लैब्स के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। साथ ही सरकार, राज्य में रोबोटिक, ड्रोन, सेमी कंडक्टर और प्री–इनक्यूबेशन लैब की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण नवाचारों को भी बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून देश की पांचवी साइंस सिटी बन रही है, जो उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि साइंस सिटी राज्य को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में एक वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने में अहम् भूमिका निभाएगी।

## बैठक

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय में प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य सभी पोलिंग बूथ पर "बूथ लेवल एजेंट" (बीएलए) की नियुक्ति को लेकर चर्चा करना था।

डॉ. जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर बीएलए की तैनाती की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों द्वारा बीएलए की नियुक्ति से पोलिंग बूथ के अंतर्गत नागरिकों को बेहतर मार्गदर्शन और सहायता मिल सकेगी। इसके लिए दलों को निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी भरकर बीएलए की जानकारी आयोग को उपलब्ध करानी होगी।

डॉ. जोगदंडे ने सभी राजनैतिक दलों से जल्द से जल्द बूथ स्तर पर बीएलए की नियुक्ति करने का अनुरोध किया है।

## मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिनों में हुई बारिश और पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट आई है। पहाड़ी इलाकों में कई जगहों पर बर्फबारी के चलते सड़क यातायात आवाजाही के लिये अवरूद्ध है और कई स्थानों पर पेयजल, विद्युत और संचार सुविधा प्रभावित होने की ख़बर है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश और दो हजार आठ सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान जताया है।

इधर, राज्य के मैदानी हिस्सों में आज सुबह से विभिन्न स्थानों में मध्यम से घना कोहरा छाया है, जिसके चलते आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

चमोली जिले के माणा में हुए हिमस्खलन की ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण अत्यधिक बर्फ के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन की तस्वीरों के साथ शीर्षक में लिखता है— चमोली में हिमस्खलन, 33 श्रमिकों को बचाया, 22 लापता। इसी ख़बर पर अमर उजाला ने लिखा है— आठ फीट बर्फ जमने से देर शाम रेस्क्यू रोका, आज मौसम खुलते ही शुरू हो जाएगा अभियान।

उत्तराखंड के लापरवाह कर्मचारी रिटायर होंगे। इस ख़बर को पहले पृष्ठ पर मुख्यता के साथ प्रकाशित करते हुये हिंदुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है— जो भी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन भली—भांति नहीं करते, उन्हें चिन्हित कर अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाए।

जौनसार बावर क्षेत्र के हनोल में महासू देवता के धाम को सुनियोजित तरह से विकसित किया जाएगा। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र के अनुसार जिलाधिकारी सविन बंसल ने मंदिर की शैली को सुरक्षित रखने और स्थानीय हितों को समाहित करते हुये प्रभावी योजना बनाने को कहा है।

प्रदेश में बारिश और बर्फबारी की ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है— भारी बर्फबारी बनी मुसीबत, 160 गांवों में जनजीवन प्रभावित। प्रदेश में पन्द्रह प्रमुख राजमार्ग और 50 से अधिक छोटे—बड़े संपर्क मार्ग अवरूद्ध, पहाड़ों में बिजली पानी समेत संचार सेवा प्रभावित।

प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को नौकरी देने की पहल शुरू हो गई है। अमर उजाला समाचार पत्र के अनुसार खेल मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को तेजी से कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।